K25U 1418

Reg. No. : ..................................

Name : .......................................

# Second Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.(R.T.M./T.T.M./A.H.)/B.T.T.M./L.R.P. Degree (C.B.C.S.S. – O.B.E. – Supplementary/Improvement) Examination, April 2025
(2019 to 2023 Admissions)
## ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI
## 2A08-1HIN : व्यवहारिक हिंदी (Vyavaharik Hindi)

Don Bosco Arts and Science College Library, Angadikadavu, Kannur
lib.donbosco.ac.in

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(1×7=7)**

1) हमारे जीवन में समय के महत्व के बारे में चर्चा कीजिए।

2) आरक्षण-कितना उचित या कितना अनुचित, आपकी राय व्यक्त कीजिए।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(1×7=7)**

3) क्रिकेट बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ हुई एक भेंटवार्ता तैयार कीजिए।

4) संकेत बिंदुओं की सहायता से एक कहानी लिखिए।

किसान का बेटा — आलसी और आपसी झगड़े — किसान परेशान-बीमार पड़ना — बेटों को सुधारने का उपाय सोचना — एक एक लकड़ी काटने को कहना — चारों लकड़ियां एक साथ बांधना — उन्हें तोड़ने को कहना — असमर्थ निकलना।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार लिखिए। **(3×3=9)**

5) हिंदी में अनुवाद कीजिए।

Now that our beloved country is free from foreign domination we have limitless opportunities to progress in all directions and make India strong and powerful. This can only be done if the industries strive to produce more and more wealth. In order to achieve this objective of increased production industrialists should shake hands with workers. Capital and labour or the turn wheels of industrial progress. Labourers will work with more zeal and enthusiasm if they are assured of fair terms from capitalists.

P.T.O.

6) अंग्रेजी में या मलयालम में अनुवाद कीजिए।

एक सुव्यवस्थित व्यापार सामान्यतः ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों की प्रतिच्छाया जिनमें नेतृत्व या निर्देशन की योग्यता तो उन्होंने प्राप्त कर ली है। इसलिए सफलता चाहने वाले व्यवसाई के लिए यह आवश्यक है कि वह पूर्ण तरह संतुलित और प्रतिभावान हो। उसे दूसरों के साथ स्थिरता, तटस्थता और स्पष्टता का व्यवहार करने के लिए स्थिर बुद्धि होना चाहिए। स्थिरता ऊंचे दर्जे के आत्मानुशासन से प्राप्त होती है।

7) आंखों देखी एक सड़क दुर्घटना के बारे में अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

8) एक स्कूल में एक हिंदी अध्यापक का पद रिक्त है, इस पद के लिए एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए।

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(3×3=9)**

9) निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

1) अग्रिम, रोकड़

2) प्रतिलिपि, पृष्ठांकन

3) शुल्क, अनुदान

4) पत्रकारिता, प्रबंधक

5) मंत्रालय, सचिवालय

6) सदस्य, योग्यता

10) निम्नलिखित शब्दों के हिंदी में अनुवाद कीजिए।

1) Balance, Administration

2) Commission, Director

3) Notice, Receipt

4) Transfer, Vice chancellor

5) Typist, Section

6) Agent, Contractor

Don Bosco Arts and Science College Library Angadikadavu, Kannur libdonbosco.ac.in

11) जीवन बीमा निगम की एक पॉलिसी आप को भेजनी है। उसका एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

12) संक्षेपण लिखिए।

आज का युग प्रचार का युग है। विज्ञापन की व्यापार में सफलता प्राप्त करने के लिए बड़ी आवश्यकता पड़ती है। समाचार पत्र विज्ञापन का सस्ता, अच्छा और सुलभ साधन है। व्यापार में सफलता चाहने वाले व्यवसायी आज समाचार पत्र की सहायता लेते हैं। कारण, समाचार पत्र किसी वस्तु या व्यापार को हजारों लाखों निगाहों के सामने एकाएक रख देने का एकमात्र साधन है। आजकल तो समाचार पत्रों में व्यापारी लोगों के लिए अनेक सूचनाएं भी होती हैं। वे समाचार पत्रों को पढ़कर बाजार भाव, व्यापारिक जानकारी, मंडियों में माल की आमद आदि के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। सारांश में समाचार पत्र व्यापारी को महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदान करता है, जिससे उसके व्यापार की उन्नति होती है।

V. **एक** या **दो** वाक्यों में किन्हीं **8** प्रश्नों का उत्तर लिखिए। **(8×1=8)**

13) सर्वनाम क्या है ? उसके भेदों पर प्रकाश डालिए।

14) वचन बदलिए: रात, पशु, आंख, बहू

15) इसमें हमका कोई दोष नहीं (शुद्ध कीजिए)

16) कारक क्या है ? उसके कितने भेद हैं ?

17) संयुक्त क्रिया से क्या तात्पर्य है ?

18) क्रिया विशेषण के भेद क्या क्या है ?

19) वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए : a) जो विश्वास किए जाने योग्य हो।

b) जिस का शिक्षा से संबंध हो।

20) विकारी और अविकारी शब्द में क्या अंतर है ?

21) विशेषण क्या है ? उदाहरण दीजिए। कितने भेद है ?

22) लिंग बदलिए : भाई, पिता, विद्वान, पंडित।

Don Bosco Arts and Science College Library Angadikadavu, Kannur lib.donbosco.ac.in